शिक्षा विभाग

कार्यालय : जिला शिक्षा पदाधिकारी, मधेपुरा

(शाखा - प्रारंभिक शिक्षा एवं सर्व शिक्षा अभियान)

प्रथम तल, ओ० बी० सी० हॉस्टल, शिवनंदन प्रसाद इंटरस्तरीय विद्यालय, मधेपुरा – 852113

शिक्षा का अधिकार

सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

पत्रांक :- MIS/16/16-17/ 2584   दिनांक :- 23/12/2016

प्रेषक -

जिला शिक्षा पदाधिकारी,
मधेपुरा।

सेवा में,

निदेशक/प्राचार्य,
सभी निजी विद्यालय (पंजीकृत एवं गैर पंजीकृत),
मधेपुरा जिला।

विषय - **U-DISE 2016-17 प्रपत्र एवं छात्रवार आँकड़ा संग्रह (SDMIS) प्रपत्र उपलब्ध कराने के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में अंकित करना है कि राज्य परियोजना निदेशक, बिहार शिक्षा परियोजना परिषद्, पटना के पत्रांक : 6123 दिनांक : 05.08.2016 के द्वारा प्राप्त निदेशानुसार हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी **UDISE अन्तर्गत सभी सरकारी/मान्यता प्राप्त/सहायता प्राप्त/केन्द्रीय/नवोदय/सैनिक विद्यालयों के साथ राज्य सरकार द्वारा पंजीकृत सभी निजी विद्यालयों एवं गैर पंजीकृत विद्यालयों** के भी आंकड़ें संग्रहित करने का निदेश प्राप्त है, जहाँ न्यूनतम कक्षा 01 एवं उच्चतम कक्षा 12 की पढ़ाई होती है। अंकनीय है कि दिनांक : 24.11.2016 को मधेपुरा अनुमंडल एवं दिनांक : 25.11.2016 को उदाकिशुनगंज अनुमंडल के निजी विद्यालयों के प्रधान (जो भी उपस्थित थे) को इस संबंध में आवश्यक प्रशिक्षण भी दिया गया था साथ ही निदेशित किया गया था कि दिनांक : 15 दिसम्बर 2016 तक संबंधित प्रखंड संसाधन केंद्र में दोनों प्रपत्र जमा कर देंगें, जो कि अब तक अप्राप्त है।

अतः निदेश दिया जाता है कि दिनांक : 25.12.2016 तक अनिवार्य रूप से प्रपत्र उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। दिनांक : 25.12.2016 तक दोनों प्रपत्र उपलब्ध नहीं कराने की स्थिति में प्रस्वीकृति प्राप्त विद्यालयों की प्रस्वीकृत रद्द करने की कार्रवाई प्रारंभ की जायेगी एवं जिन विद्यालयों को प्रस्वीकृति प्राप्त नहीं हुआ है उन विद्यालयों को बंद करने की दिशा में विभागीय कार्रवाई की जायेगी।

विश्वासभाजन
ह० 23/12
जिला शिक्षा पदाधिकारी,
मधेपुरा।

23/12/16

ज्ञापांक : 2584 मधेपुरा, दिनांक : 23/12/2016

प्रतिलिपि - सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, मधेपुरा जिला को सूचनार्थ एवं इस निदेश के साथ प्रेषित कि अपने प्रखंडाधीन सभी प्रकार के निजी विद्यालयों को इस पत्र की प्रति उपलब्ध कराते हुए दिनांक : 27.12.2016 तक **U-DISE 2016-17 प्रपत्र एवं छात्रवार आँकड़ा संग्रह (SDMIS) प्रपत्र** सर्व शिक्षा अभियान, मधेपुरा कार्यालय में अचूक रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

23/12
जिला शिक्षा पदाधिकारी,
मधेपुरा।

23/12/16

☎:06476-222895,fax:06476-223556
Email :bepmadhepura@gmail.com.Website:www.bepmadhepura.in

E:\BEP SSA\All Component\MIS\Letter 2016